प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

भाजपा टिकट

भारतीय जनता पार्टी ने मंडी संसदीय सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत और कांगड़ा से डॉ. राजीव भारद्वाज को टिकट दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिए हैं। हमीरपुर से अनुराग सिंह ठाकुर तथा शिमला संसदीय क्षेत्र से सुरेश कश्यप को पहले ही चुनाव मैदान में उतार दिया गया है। रविवार को लोकसभा प्रत्याशियों की 5वीं सूची में हिमाचल समेत 17 राज्यों की 111 सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा की गई। दूसरी ओर कांग्रेस ने अभी लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

....

होली

रंगों का त्यौहार होली आज प्रदेश में हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया जा रहा है। सभी आयु वर्ग के लोगों में होली को लेकर खासा उत्साह है। कहीं लाल गुलाल लगाकर तो कहीं फूलों के साथ लोगों ने इस होली उत्सव का आनंद मना रहे हैं। है। यह बुराईयों पर अच्छाईयों की विजय का सूचक है। प्राचीन काल में हिरण्यकशिपु ने अपने पुत्र प्रहलाद की ईश्वर भक्ति से क्रुध होकर उसे अनेक कठोर दंड दिए। हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका को प्रहलाद को गोद में लेकर आग में बैठने को कहा। आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, पर प्रहलाद बच गया। ईश्वर भक्त प्रहलाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है।

....

बधाई

इस बीच, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने होली पर्व की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि रंगों के त्योहार होली का हमारी संस्कृति में विशेष महत्व है। उन्होंने आशा जताई कि यह त्योहार भाईचारे की भावना को सुदृढ़ कर देश की एकता तथा अखण्डता को और मज़बूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि होली उत्सव को हर संप्रदाय व धर्म के लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द को और मज़बूत बनाने में सहायता मिलती है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी इस अवसर पर लोगों को बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि स्नेह और सदभाव के रंगों से सजा ये पारम्परिक पर्व लोगों के जीवन में नई उर्जा और नया उत्साह लेकर आए।

....

होली–बस सेवा

होली के दृष्टिगत राजधानी शिमला में हिमाचल पथ परिवहन निगम सुबह 10 बजे से दोहपर 2 बजे तक बसों का संचालन बंद रखेगा। निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद शर्मा ने बताया कि दोपहर 2 बजे के बाद ही बसे अपने निर्धारित रूटों पर चलनी शुरू हो जाएंगी। दूसरी ओर निजी बस ऑपरेटर भी शहर में 30 फीसदी ही बसों का संचालन करेंगे।

....

उच्च न्यायालय

प्रदेश उच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम को आदेश दिए हैं कि वे संशोधित वेतनमान का लाभ प्रार्थियों को 6 माह के भीतर अदा करें। एक साथ 61 याचिकाओं का निपटारा करते हुए न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन शर्मा ने अपने निर्णय में निगम को संशधित ग्रैच्युटी भुगतान नियमों के मुताबिक ब्याज सहित 6 माह के भीतर करने के आदेश दिए। आदेशों की अनुपालना न करने पर निगम को 9 फीसदी ब्याज सहित अदायगी करनी होगी।

....

स्वास्थ्य मंत्रालय

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर गर्मी के महीनों के दौरान अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से बचाव के लिए तत्काल एहतियाती उपाय करने को कहा है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि गर्मी के महीनों में तापमान बढ़ने के कारण अस्पताल में आग, बड़ा खतरा बन जाती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया कि वे राज्य स्वास्थ्य विभागों और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को एकसाथ मिलकर काम करने का निर्देश दें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके अधिकार क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की गई है।

....